# युवाओं के लिए जल्द कार्य शुरू करेगा यूपी रोजगार मिशन : योगी आदित्यनाथ

## नवगठित आर्थिक सलाहकार समूह ने मुख्यमंत्री को दिए कई सुझाव



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शनिवार को अपने आवास पर नवगठित आर्थिक सलाहकार समूह के सदस्यों के साथ • सूचना विभाग

राब्यू, जागरण • लखनऊ: नवगठित आर्थिक सलाहकार समूह ने शनिवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात कर कई सुझाव दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के लिए प्रदेश सरकार 'उत्तर प्रदेश रोजगार मिशन' का गठन कर चुकी है। मिशन जल्द कार्य करना शुरू कर देगा। मिशन के तहत जाब मैपिंग कर विभागों के सहयोग से युवाओं को कौशल विकास, भाषा प्रशिक्षण देकर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रोजगार के अवसर प्रदान किए जाएंगे।

समूह ने सुझाव दिया कि प्रदेश के खाद्य पदार्थों को वैश्विक ब्रांड बनाने की आवश्यकता है। इसमें उत्तर प्रदेश के प्रवासियों की भूमिका महत्वपूर्ण होगी।

### यूपी के खाद्य पदार्थों को वैश्विक ब्रांड बनाने व आइटी टैलेंट मिशन लांच करने की सलाह

आर्थिक सलाहकार समूह ने पिछले आठ वर्षों में हुए प्रदेश के विकास की सराहना की। सुझाव दिया कि प्रदेश में स्टार्टअप को बढ़ावा देने के लिए और कार्य करने की आवश्यकता है। प्रदेश में आइटी टैलेंट मिशन लांच किया जाए। इससे प्रदेश में साफ्टवेयर निर्माण व निर्यात को बढ़ावा मिलेगा। समूह ने प्रस्तुतीकरण के माध्यम से कृषि, परिवहन, ऊर्जा, सिंचाई, उद्यमिता के साथ ही अन्य क्षेत्रों में बड़े बदलाव लाने के संबंध में सुझाव दिए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि उप्र आज भारत की अर्थव्यवस्था का ग्रोथ इंजन बनने की ओर अग्रसर है। इलेक्ट्रिक बसों के माध्यम से राज्य में स्वच्छ, टिकाऊ और आधुनिक सार्वजनिक परिवहन को बढ़ावा दिया जा रहा है। राज्य इलेक्ट्रिक व्हीकल निर्माण का हब बनेगा। जल्द ही हिंदुजा ग्रुप की यूनिट इलेक्ट्रिक व्हीकल का उत्पादन शुरू कर देगी। राज्य का विद्युत उत्पादन भी बढ़ रहा है। नवीकरणीय ऊर्जा के माध्यम से 2027 तक प्रदेश 22 हजार मेगावाट बिजली का उत्पादन शुरू कर देगा। प्रदेश नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में देश का रोल माडल बनेगा और सरकार की नीतियां प्रदेश को हरित ऊर्जा में आत्मनिर्भर बनाएंगी।